छह बहुराष्ट्रीय कंपनियां करेंगी 17 हजार करोड़ का निवेश

21 हजार से ज्यादा युवाओं को मिलेगा रोजगार

मैन्युफैक्चरिंग, फूड प्रोसेसिंग, फिल्म उद्योग, अपशिष्ट शोधन, अक्षय ऊर्जा और ऑटोमोबाइल सेक्टर में होगा निवेश

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। सैमसन, मदरसन और सेरनेका इंटरनेशनल ग्रुप समेत छह बहुराष्ट्रीय कंपनियां यूपी में 17 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। इन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने प्रदेश सरकार के साथ एमओयू किया है। इस निवेश से प्रदेश में 21 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

दरअसल, फरवरी में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस-23) में निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए मंत्रियों व अफसरों की टीम जर्मनी, बेल्जियम और स्वीडन गई थीं। इसमें उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद शामिल थे। इस टीम ने औद्योगिक घरानों और सरकार के प्रतिनिधियों से 20 बैठकें कीं। इन देशों में हुए विभिन्न कार्यक्रमों में टीम ने उद्यमियों से मुलाकात भी की थी। इससे 19 बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने यूपी में 176740 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव (लेटर ऑफ इंटेंट) दिया था। इन्हीं में से 6 कंपनियों ने सरकार से 17 हजार करोड़ रुपये के एमओयू साइन किए हैं। ये कंपनियां मैन्युफैक्चरिंग, फूड प्रोसेसिंग, फिल्म उद्योग, अपशिष्ट शोधन, अक्षय ऊर्जा और ऑटोमोबाइल एंसिलरी सेक्टर में निवेश करेंगी।

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT 10-12 FEBRUARY, 2023
New India's Growth Engine

ये कंपनियां करेंगी निवेश

जर्मनी के फ्रैंकफर्ट की कंपनी सैमसन मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में दो हजार करोड़ का निवेश करेगी। इससे पांच हजार रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। ऑटोमोबाइल एंसिलरी में इसी शहर की मदरसन कंपनी 500 करोड़ का निवेश करेगी। इससे दो हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित होंगे। बेल्जियम के ब्रुसेल्स की कंपनी एग्रीस्टो मासा और जेमिनी कॉरपोरेशन क्रमशः तीन सौ और दो सौ करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। इससे डेढ़ हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। स्वीडन के स्टॉकहोम की कंपनी सेरनेका इंटरनेशनल ग्रुप और बोसॉन एनर्जी एस कंपनी फिल्म सिटी में दस हजार करोड़ का निवेश करेंगी। इससे तीन हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। वहीं बोसॉन एनर्जी एस कंपनी अक्षय ऊर्जा में एक हजार करोड़ का निवेश करेगी। इससे एक हजार रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है।

चेन्नई से निवेश के लिए मिले बड़ी संख्या में प्रस्ताव

उद्योगपति बोले-पहली बार सरकार ने की विकास में साझेदार बनाने की पहल

लखनऊ। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए चेन्नई गई यूपी के मंत्रियों व अधिकारियों की टीम को उत्साहजनक सफलता मिली है। वहां सोमवार को हुए बिजनेस टू गवर्नमेंट मीटिंग के दौरान उद्योगपतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान सभी ने यूपी को निवेश के लिहाज से अपार संभावनाओं वाला प्रदेश बताया। उद्यमियों ने वाराणसी में हुए काशी तमिल संगमम की भी सराहना की।

वित्तमंत्री सुरेश खन्ना की अगुवाई वाली टीम को डिफेंस, होटल एंड डिस्टलरीज, रिन्यूवल एनर्जी, हेल्थ केयर, शुगर मिल और वित्तीय सेवाओं में निवेश के लिए उद्यमियों ने सकारात्मक रुख दिखाया। उद्यमियों ने कहा कि यूपी में हाल के वर्षों में काफी विकास हुए हैं। ऐसा पहली बार हो रहा है जब यूपी सरकार ने तमिलनाडु के उद्यमियों को विकास में साझेदार बनाने की पहल की है। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के क्षेत्र में पैटर्सन एनर्जी कंपनी के संचालक अमरनाथ ने बताया कि उनकी कंपनी मथुरा में नगर निगम के साथ मिलकर प्लास्टिक वेस्ट सॉल्यूशन के क्षेत्र में कार्य कर रही है। योगी शासन में यूपी में कार्य करने का उनका अनुभव काफी सुखद रहा है।

■ केमिकल इंडस्ट्री में अपार संभावनाएं

सीट्रेक्स पेट्रोकेमिकल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर इल्लेना ने कहा कि गुजरात और महाराष्ट्र के बाद यूपी में केमिकल इंडस्ट्री में अपार संभावनाएं हैं। हमारी कंपनी की इच्छा यूपी में पेट्रोकेमिकल्स सेक्टर में निवेश करने की है। यूपी का दिल्ली के करीब होना भी उद्योग जगत के लिए काफी फायदेमंद है।

■ डिफेंस कॉरिडोर में निवेश करेगी मेल्स सिस्टम

मेल्स सिस्टम एंड सर्विसेज के मैनेजिंग डायरेक्टर टी श्रीनिवासन ने बताया कि उनकी कंपनी 27 साल से डिफेंस सेक्टर में कार्य कर रही है। यूपी में बन रहे डिफेंस कॉरिडोर में निवेश के लिए हम इच्छुक हैं। यूपी के शहर पहले से ज्यादा साफ सुथरे हुए हैं। रोड इंफ्रास्टक्चर भी मजबूत हुआ है।

■ मुरगप्पा ग्रुप ने कई सेक्टरों में दिखाई रुचि

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने मुरगप्पा ग्रुप के वाइस चेयरमैन एमएम मुरगप्पन से मुलाकात कर निवेश को लेकर चर्चा की। मुरगप्पन ग्रुप चीनी मिल, फर्टिलाइजर प्लांट, ऑर्गेनिक खेती के अलावा लोन, इंश्योरेंस और रिस्क मैनेजमेंट के क्षेत्र में निवेश कर सकती है। इंदिरा प्रोजेक्ट के सीएमडी भूपेश नागराजन ने 300 करोड़ के एमओयू पर दस्तखत किए हैं। ट्रीवीट्रोन कंपनी के प्रतिनिधि श्रीधरन ने भी निवेश की इच्छा जताई है।